# दिवाली पर शुगर की कीमत में गिरावट

[ श्रेया जय *नई दिल्ली* ]

**इस दिवाली** सीजन में शुगर की डिमांड बढ़ने के साथ-साथ इसकी कीमत में भी भारी गिरावट है। शुगर की कीमत पांच साल में सबसे कम हो गई है। एक महीने में महाराष्ट्र और उत्तरी कर्नाटक में शुगर की खेप में 50 फीसदी से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। कोल्हापुर मंडी के ट्रेडर्स ने बताया कि पिछले 15 दिनों में 40 लाख क्विंटल की शुगर ट्रेडिंग हो चुकी है। आमतौर पर यहां से एक महीने में 18-20 लाख शुगर की ट्रेडिंग होती है। शुगर की कीमत 29.50 रुपए प्रति किलो से गिरकर 26 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। अक्टूबर के आखिर तक इसमें और गिरावट की उम्मीद है। दक्षिण भारत, राजस्थान, कोलकाता और यहां तक कि हरियाणा के शुगर ट्रेडर्स सस्ती कीमतों और सरप्लस स्टॉक का फायदा उठाने के लिए महाराष्ट्र पहुंच रहे हैं।



नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज के एमडी एम जी जोशी ने बताया, 'चीनी मिलें किसानों को भुगतान करने के लिए सस्ते में माल बेच रही हैं। शुगर की कुछ डील 25 रुपए प्रति किलो तक हुई है। दिवाली के आसपास तक चीनी की कीमत में और गिरावट आएगी।'

नव भारत टाइम्स

24-10-2013